संख्या- 101/पचासी-15-255(परती)/2012

प्रेषक,

एम0पी0 अग्रवाल,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 भूमि सुधार निगम,
भू-मित्र भवन, विभूति खण्ड,
गोमतीनगर, लखनऊ।

परती भूमि विकास विभाग लखनऊ: दिनांक 2 मार्च, 2015

विषय:- उ0प्र0 भूमि सुधार निगम द्वारा संचालित यू0पी0 सोडिक लैण्ड रिक्लेमेशन परियोजना-तृतीय के अन्तर्गत बीहड सुधार परियोजना के कार्यान्वयन हेतु विभिन्न श्रेणी के सृजित 313 अस्थायी पदों की निरन्तरता की स्वीकृति ।

महोदया,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 1ए/461/बीहड/2013/1437, दिनांक 06 फरवरी, 2015 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2; इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि परती भूमि विकास विभाग के शासनादेश संख्या-346/पचासी-14-255(परती)/2012, दिनांक 21 नवम्बर, 2014 द्वारा विभिन्न श्रेणी के 313 अस्थायी पदों का सृजन दिनांक 28.02.2015 तक अथवा पद की समाप्ति तक (जो भी पहले हो) किया गया था।

2- चूँकि उ0प्र0 भूमि सुधार निगम द्वारा विश्व बैंक वित्त पोषित यू0पी0 सोडिक लैण्ड रिक्लेमेशन परियोजना-तृतीय में एडिशनल फाईनेन्सिग अन्तर्गत बीहड सुधार परियोजना के कार्यान्वयन हेतु उपरोक्त 313 अस्थायी पदों की निरन्तरता के अभाव में प्रतिनियुक्ति के आधार पर कार्मिको के चयन एवं उनके वेतन आहरण में तकनीकी कठिनाई एवं सेवा प्रदाता संस्था के मध्य अनुबंध निष्पादित करने में विधिक अडचन बताते हुए परियोजना के सुचारू रूप से कार्यान्वयन हेतु पदों को बनाये रखने के लिए निगम द्वारा आवश्यक बताया गया है। अत: शासनादेश संख्या-346/पचासी-14-255(परती)/2012, दिनांक 21 नवम्बर, 2014 में उल्लिखित निर्धारित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन सृजित प्रश्नगत विभिन्न श्रेणी के 313 अस्थायी पदों की निरन्तरता वित्तीय वर्ष 2015-16 में दिनांक 29 फरवरी, 2016 तक बनाये रखने की स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- यह आदेश वित्तीय अधिकारों के प्रतिनिधायन के सम्बन्ध में वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1-2-877/दस-92-24(87)/92, दिनांक 17.11.1992 मे उल्लिखत प्रावधानों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(एम0पी0 अग्रवाल)
सचिव।

संख्या– 101(1)/पचासी-15-255(परती)/2012तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1) महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी (प्रथम)/लेखा परीक्षा,उ0प्र0 इलाहाबाद।
(2) वरिष्ठ कोषाधिकारी, लखनऊ।
(3) प्रमुख सचिव, सार्वजनिक उद्यम विभाग, उ0प्र0 शासन।
(4) वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-1।
(5) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(सुरेन्द्र कुमार)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in